तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025




मुख्य मार्गों पर फिर नजर आने लगे हैं आवारा पशु।





## इंदिरा सेतु पर गैस सिलेण्डर से भरा ट्रक हुआ खराब, सरकंडा में ट्रैफिक जाम





**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु पर गैस सिलेण्डर लेकर जा रहा ट्रक खराब हो गया, जिससे इस पुल पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे क्विक रिस्पांस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ट्रैफिक पुलिस ने महामाया चौक से वाहनों को डायवर्ट किया, इससे हुण्डई चौक और रामसेतु पर ट्रैफिक जाम हो गया। हजारों वाहन चालक एक घंटे से अधिक समय तक जाम में फंसकर हलाकान होते रहे।

फोटो : सूरज वैष्णव


बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और निर्माण कार्य के क्रियान्वन को लेकर सीएमएचओ डॉ शुभा गढ़ेवाल ने तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और बीएमओ और स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए। सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभा गढ़ेवाल तखतपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणधीन नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुधारने के लिए कहा।

### गला घोंटकर पत्नी की हत्या, 3 को उम्रकैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने बिजली के तार से गला घोंटकर पत्नी की हत्या करने वाले पति, सास, ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मल्हार वार्ड क्रमांक 9 निवासी अंबेश कांत ने संजू कांत से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद ससुरालवाले प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान 28 फरवरी 2022 को घरवालों ने पुलिस को सूचना दी, संजू कांत ने फांसी लगा ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ मृतका की गला दबकर हत्या की गई है। पुलिस ने पति अंबेश कांत 27 साल, ससुर सेवकराम कांत 70 साल, सांस राजकुमारी कांत 62 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। नवम अपर सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद तीनों आरोपियों को धारा 201, 34 में 7 साल कैद व 1000 रुपए जुर्माना, धारा 302, 34 में आजीवन कारावास व एक एक हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

### गोंदिया-मधुपुर श्रावणी स्पेशल ट्रेन 11 से

**बिलासपुर।** सावन माह में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गोंदिया से मधुपुर और मधुपुर से गोंदिया के बीच श्रावणी स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया है, जो बिलासपुर स्टेशन होते हुए दोनों स्टेशन के बीच आठ फेरे के लिए चलाई जाएगी। गोंदिया से मधुपुर और मधुपुर से गोंदिया के बीच श्रावणी स्पेशल ट्रेन प्रति शुक्रवार और सोमवार को गोंदिया से 11 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगी।

### मंगला, कुदुदंड, देवरीखुर्द व लिंकरोड की सड़कें खस्ताहाल

# शहर की सड़कें बदहाल, ग्रामीण क्षेत्रों में सिर्फ गड्ढे, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की सड़कें खस्ताहाल हो गईं हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में सिर्फ गड्ढे ही हैं। अधिकारियों का कोई ध्यान इस तरफ नहीं हैं और लोग परेशान हो रहे हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से पानी भर रहा है और गंदा पानी घरों में घुस रहा है। हाईकोर्ट ने इन सभी मामलों में संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू की है। निगम से जवाब भी मांगा गया है। निगम की ओर से पेश एडवोकेट ने कहा कि लगातार सड़कों की मरम्मत और सुधार कार्य जारी है। नालियों की सफाई भी बरसात से पहले की गई है। हाईकोर्ट ने मामले में शपथ पत्र पेश करने कहा है। अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी।



शहर की लगभग सभी सड़कें पहली बारिश में ही खस्ताहाल हो गई हैं। बारिश के शुरु होते ही गड्ढों में पानी भरने से हर दिन कोई न कोई गिरकर घायल हो रहा है। इनमें मंगला, कुदुदण्ड, देवरीखुर्द, लिंकरोड, तारबाहर से शिव टाकीज चौक व उसलापुर स्मार्ट रोड में सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खस्ताहाल है। इससे परेशानी हो रही है। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया है। इसमें जानकारी दी गई कि बरसात से पहले नगर निगम ने अपने हिस्से की 20 सड़कों की मरम्मत करा दी थी लेकिन पीडब्ल्यूडी सिर्फ कागजों में ही सड़कों की मरम्मत करा रहा है।

### नालियों की सफाई नहीं होने से घरों में गंदा पानी घुस रहा



मरीमाई से व्यापार विहार की ओर जाने वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे।



शांति नगर की सड़क पर लोगों का चलना भी मुश्किल हो गया है।

### आठों जोन में पीडब्ल्यूडी की 29 सड़कें

ध्यान रहे कि निगम सीमा यानी शहर के आठों जोन में पीडब्ल्यूडी की 29 सड़कें हैं। इन सड़कों की लंबाई 77.53 किमी है, वहीं निगम की 70 वाड़ों में 150 सड़कें हैं, जिसकी लंबाई 51 किमी है। इसमें 20 से अधिक सड़कों पर जानलेवा गड्ढे हैं। इन सड़कों को ठीक करने के लिए कई बार मंत्री स्तर तक से भी निर्देशित किया गया लेकिन कुछ नहीं हुआ। हालांकि निगम का कहना है कि बारिश के पहले टिकरापारा, धान मंडी रोड, मधुबन शमशान, नेहरू नगर, बृहस्पति बाजार सहित अन्य सड़कों की मरम्मत एक करोड़ 20 लाख में कराई गई है। दूसरी ओर शहर की सड़कें उखड़ने के कारण कई जगह पर गिट्टी सड़क पर बिखर गई हैं। लोगों को वाहन चलाने में परेशानी हो रही है तो रात के अंधरे में लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं।

### इन सड़कों पर अधिक समस्या

शहर के सबसे व्यस्तम रास्तो में से एक लिंक रोड में कई जगहों पर गड्ढे हैं। खास तौर पर सीएमडी कालेज के पास, लवली ड्रेसेस के पास, पीजीबीटी कालेज से शिव टाकीज चौक के पास के गड्ढे लोगों को काफी परेशान कर रहें हैं। इसके साथ ही दयालबंद, अशोक नगर, मध्यनगरी चौक, सरकंडा की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है। इन सड़कों की रिपेयरिंग पिछले वर्ष ही कराई गई थी। इसी तरह कांग्रेस भवन के पीछे से महंती स्कूल रोड पर कुछ स्थानों पर कराए गए पैच वर्क उखड़ गए हैं।

### कई सड़कें पहली बारिश में उखड़ीं

इसी तरह अशोक नगर से बिरकोना रोड और डीएलएस कॉलेज रोड बारिश के पहले ही उखड़ गई है। इधर साइंस कॉलेज से चांटीडीह सब्जी मंडी की सड़क में गड्ढे बन गए हैं। अभी तेज बारिश नहीं हुई तो सड़कों का यह हाल है, बरसात में क्या होगा, इसका अंदाजा लगा सकते हैं। यह सभी सड़कों लोक निर्माण विभाग की है। विभाग के पास फंड होने के बाद भी सड़कों की रिपेयरिंग नहीं कराई जा रही। इसके कारण लोगों को समस्या हो रही है। इसके साथ ही अशोक नगर क्षेत्र में डीएलएस कालेज, महामाया आइटीआइ, कुछ निजी और बड़ी कालोनियों बसी हैं। इस क्षेत्र में शहर का एक बड़ा हिस्सा बस चुका है। हर दिन हजारों लोगों का आना-जाना लगा होता है। उन्हें ही अब खासी दिक्कत हो रही है।

# एक साल से नहीं उठाया राशन निरस्त होंगे 22 हजार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडीएस अंतर्गत राशन दुकानों से राशन का विगत लंबे समय से उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियों के राशन कार्ड निरस्त करने की तैयारी की जा रही है। जिले में 13 हजार कार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने छह से बारह महीने तक का राशन ही नहीं उठाया है। इसी तरह करीब 8 हजार लोगों के आधार निष्क्रिय की श्रेणी में रखे गए हैं। शासन द्वारा खाद्य विभाग को ऐसे गुमशुदा राशनकार्ड धारियों का पता लगाकर कार्ड का भौतिक सत्यापन कर कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

राशन कार्ड बनवाकर पीडीएस की दुकानों से लंबे समय से राशन का उठाव ही नहीं करने वालों के कार्ड जल्द ही निरस्त कर दिए जाएंगे। इस संबंध में शासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा इस श्रेणी के कार्डों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। शासन द्वारा इस संबंध में 10 बिंदुओं का एक प्रपत्र जारी किया गया है, जिसमें जानकारी तैयार की जा रही है। प्रपत्र में उन संभावनाओं का जिक्र है, जिसके कारण संभवतः कार्डधारी राशन का उठाव करने दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिले में 21 हजार 976 कार्डधारी ऐसे हैं, जिन्होंने विभिन्न कारणों से लंबे समय से राशन का उठाव नहीं किया है।

कार्डधारी के प्रदेश से बाहर पलायन करने को भी एक कारण माना जा रहा है, जिससे यहां राशन का उठाव करने में दिक्कत हो रही होगी। इसी तरह इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि प्रदेश से बाहर कमाने गए व्यक्ति राशन का उठाव अन्य प्रदेशों में कर रहे हों। कार्डधारी के उम्रदराज होने एवं किसी और को नॉमिनी नहीं बनाए जाने के कारण संबंधितों का राशन नहीं उठ पाने की संभावना पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिले में सौ वर्ष की उम्र पार कर चुके राशन कार्ड धारियों की संख्या भी 163 दर्ज की गई है। इसी तरह लगातार बारह महीनों से राशन का उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियों, छह से बारह महीने के बीच राशन नहीं उठाने वाले कार्डधारियों, 18 वर्ष से कम उम्र के कार्डधारयों व लंबे समय से निष्क्रिय आधार वाले राशनकार्डों की जानकारियां इकट्ठी की जा रही हैं।



**आधार कार्ड भी निष्क्रिय**

» शासन ने दिए सत्यापन के निर्देश

» दस बिंदुओं पर मांगी जानकारी

### प्रदेश में गुमशुदा कार्डधारियों की संख्या 3 लाख पार

चाहे सालों से राशन का उठाव नहीं करने का मामला हो या आधार कार्ड ही निष्क्रिय हालत में हों। प्रदेश में ऐसे कार्डधारियों की संख्या 3 लाख 21 हजार 192 तक पहुंच गई है। शासन अब इन सभी मामलों में भौतिक सत्यापन के माध्यम से वास्तविकता का पता लगाने का अभियान चला रहा है। इस दौरान राशन के उठाव में कोई तकनीकी समस्या आने के कारण उठाव नहीं हो पाने के मामलों का निराकरण किया जाएगा। वहीं भौतिक सत्यापन के दौरान संबंधितों के उपस्थित ही नहीं होने की दशा में ऐसे कार्ड तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए जाएंगे।

### यह एक रूटीन की प्रक्रिया

केंद्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार जिस तरह प्रतिदिन नए राशनकार्ड बनाने की प्रक्रिया पर काम होता है, ठीक उसी तरह लंबे समय से राशन का उठाव नहीं करने वाले कार्डों का स्थानीय निकायों के सामंजस्य से भौतिक सत्यापन की कार्रवाई भी की जाती है।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### चक्रधरपुर में किया जाएगा नान इंटरलाकिंग कार्य 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक

# 24 दिनों तक थमे रहेंगे 15 ट्रेनों के पहिए, दो डायवर्टेड रूट से चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल में झारसुगुड़ा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान हावड़ा और टाटा की ओर से बिलासपुर आने वाली 15 ट्रेनें 24 दिन तक रद्द रहेगी और दो ट्रेनों का मार्ग डायवर्ट किया जाएगा।

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री एनआई 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक और 25 वें दिन 9 सितम्बर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त 1एक दिन का पोस्ट एनआई कार्य 10 सितम्बर को होगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से



संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 30 अगस्त को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 30 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को पुण से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, एक सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।

### रद्द की जाने वाली ट्रेनें

- 19 से 21 अगस्त, 24 अगस्त से 2 सितम्बर एवं 5 से 10 सितम्बर तक 18109/18110 टाटा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस-टाटा एक्सप्रेस।
- 29 अगस्त एवं 12 सितम्बर को 17008 दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस।
- 26 अगस्त से 9 सितम्बर तक 17007 चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस।
- 28 अगस्त को 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 31 अगस्त को 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस।
- 30 अगस्त को 07051 चर्लापल्ली-रक्सौल एक्सप्रेस।
- 02 सितम्बर को 07052 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस।
- 04 सितम्बर को 07006 रक्सौल-चर्लापल्ली स्पेशल एक्सप्रेस।
- 08 सितम्बर को 12767 नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस।
- 10 सितम्बर को 12768 संतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस।
- 06 सितम्बर को 13425 मालदाटाउन-सूरत एक्सप्रेस।
- 08 सितम्बर को 13426 सूरत-मालदाटाउन एक्सप्रेस।
- 06 सितम्बर को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस।
- 08 सितम्बर को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस।

## खबर संक्षेप

### एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में जान्हवी की प्रस्तुति आज



**बिलासपुर।** आधारशिला सैनिक स्कूल में 8 जुलाई को ओडिशी नृत्यांगना जान्हवी बेहरा नृत्य प्रस्तुत करेंगी। जान्हवी उड़िया नृत्य की जानी मानी कलाकार हैं। इन्होंने उड़ीसा नृत्य अकादमी के गुरु युधिष्ठिर नायक और गुरु रमेश चंद्र जीना के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरु किया। बाद में गंगाधर प्रधान और अरुणा मोहंती के प्रशिक्षण में अपनी नृत्य कला को निखारा। सूर श्रृंगार संसद, श्रृंगार मणि उपाधि (मुंबई) आदि पुरस्कार और प्रशंसा पात्र जान्हवी वर्तमान में स्पिक मैके से जुड़कर शास्त्रीय संगीत एवं लोक नृत्य की धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। एवीएम सैनिक स्कूल में 8 तारीख को सुबह 9 बजे से शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति होगी। उनके साथ सह कलाकार में सौम्य मर्दन पर, रुद्र प्रसाद परिदा बाँसुरी पर तथा हरप्रिया स्वाइन वोकल पर रहेंगी। इस कार्यक्रम में जान्हवी छात्र छात्राओं को नृत्यकला की बारीकियां बताते हुए विभिन्न भाव भंगिमाओं से भी परिचित करवाएगी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने उनकी नृत्य प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए, लोक संस्कृति व नृत्य की धरोहर को ऐसे ही नई पीढ़ी तक पहुंचाने व सहेजने के लिए शुभकामनाएँ दी। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने उनकी शानदार प्रस्तुति आने वाली पीढ़ियों के लिए वो प्रेरणा स्रोत रहेंगी। प्रिंसिपल जी आर मधुलिका ने कहा कि हमारे स्कूल के बच्चों के लिए यह सौभाग्य की बात।

### अमर ने कहा-प्रकृति हमें जीवन जीने की प्रेरणा देती है



**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण और भावनात्मक जुड़ाव के अनूठे संगम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बर्जेस इंग्लिश स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को वृक्षों के महत्व से जोड़ते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा, "प्रकृति हमें जीवन जीने की प्रेरणा देती है। यह आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। जब हम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाते हैं, तो उसमें हमारी भावना और ज़िम्मेदारी दोनों समाहित होती है। जिस प्रकार मां अपने बच्चों को संवारती है, उसी प्रकार हमें उस पौधे की देखभाल करनी चाहिए।" सीडीबीई सचिव जयदीप रॉबिन्सन ने कहा कि विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाना उनका लक्ष्य है ताकि छात्र-छात्राओं को हरियाली और स्वच्छ वातावरण का अनुभव हो तथा वे प्रकृति के महत्व को समझ सकें। प्राचार्या निशिता हंसा दास ने बच्चों को एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान में भाग लेने और पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, बर्जेस हिंदी माध्यम के प्राचार्य संगम शुक्ला, मिशन स्कूल की प्राचार्या तनुजा पॉल, सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं शिक्षा बोर्ड सदस्य पीआर पॉल, इको क्लब के सदस्य सीमा पटेल, रश्मि जेम्स, प्रीति जोशी, फ्लोरि बैपटिस्ट, सीमा सिंह, एस्थर मसीह एवं अभिनव लाल, शुभोमय सरकार आदि मौजूद थे।

## पॉलिटिक्स प्लस

### कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे का रायपुर में किया गया स्वागत





**बिलासपुर।** अभा कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रायपुर आगमन एवं किसान जवान संविधान आमसभा के दौरान मुलाकात करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, विधायक कसडोल संदीप शाहू, आत्मजीत मक्कड़ एवं समीर अहमद ने स्वागत किया।

### अघोरपीठ बांसाझाल में गुरू पूर्णिमा महोत्सव 10 को

**बिलासपुर।** अघोरपीठ बांसाझाल आश्रम चपोरा में गुरू पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी अघोर भक्तों व श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है। विनोद कुमार तम्बोली ने बताया कि इस अवसर पर आश्रम स्थल पर श्रमदान एवं सफाई के पश्चात गुरू पूजन किया जाएगा। हवन पूजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को संध्या विचार गोष्ठी में गुरू महिमा पर चर्चा की जाएगी। इसकी तैयारी आयोजन समिति द्वारा शुरू कर दी गई। यह महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दूरदराज के भक्त यहां आकर आशीर्वाद लेते हैं। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

### राज्य स्तरीय युवा गाडगे सम्मेलन 20 को, तैयारी को लेकर की चर्चा

**बिलासपुर।** 20 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा गाडगे सम्मेलन की तैयारी को लेकर आज तोरवा में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष पहलाद रजक थे। इस अवसर पर तोरवा रजक समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथियों ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सम्मेलन की सफलता के लिए आवश्यक तैयारी पर विचार-विमर्श किया। सभी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सहयोग एवं समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारीसौंप दी है। सम्मेलन को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सभी सदस्य ब्लाक एवं शहर में आवश्यक प्रचार-प्रसार में जुटे हैं।

**पंजीयन विभाग ने एसडीएम को लिखा पत्र** | नामांतरण की जिम्मेदारी अब राजस्व विभाग की

# रजिस्ट्री हुई और नामांतरण के पहले ही तहसीलदारों के पोर्टल में सरक गए 200 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री के अंतर्गत पंजीयन विभाग में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नए जमीन मालिकों के नाम पर जमीन का नामांतरण हो पाता, इससे पहले ही प्रकरण संबंधित तहसीलदारों के पोर्टल में सरक गए। तहसीलदारों के पोर्टल में सरक जाने वाले प्रकरण एक या दो की संख्या में नहीं, बल्कि दो सौ की संख्या में है। अब इन सभी प्रकरणों में नामांतरण की कार्रवाई के लिए तहसीलदारों को निर्देशित करने जिला पंजीयक ने सभी एसडीएम को पत्र भेजा है।

प्रदेश सरकार की नई व्यवस्था के अनुसार अब जमीन की रजिस्ट्री होते ही नए मालिकों के नाम पर जमीन का नामांतरण हो जाना है। जिले में यह व्यवस्था 20 मई से प्रारंभ हुई है। तब से जून के अंत तक जिले में करीब 24 रजिस्ट्रियां हुई हैं। इनमें से 22 सौ में तत्काल नामांतरण भी हो गए, लेकिन दो सौ मामले ऐसे भी सामने आए, जिनमें नामांतरण होने की बजाए प्रकरण सीधे संबंधित तहसीलदारों के पोर्टल में ट्रांसफर हो गए।

इधर पंजीयन विभाग भी राजस्व विभाग के पोर्टल में नामांतरण के केस ट्रांसफर हो जाने के कारणों के संबंध में आश्चर्यचकित है। इसी विभाग में समान प्रक्रिया के अंतर्गत रजिस्ट्री के तत्काल बाद 22 सौ प्रकरणों में नामांतरण हो गया, लेकिन इसी प्रक्रिया में ही 2 सौ मामलों में नामांतरण की प्रक्रिया लटक गई, जबकि सभी प्रकरणों में दस्तावेजों में भी कोई दिक्कत नहीं थी। हालांकि विभाग के अधिकारी इस व्यवस्था के अभी हाल ही में लागू होने व थोड़ी तकनीकी परेशानी आने की बात कह रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसा होना विभाग के अधिकारियों को भी अचरज में डाल रहा है।

### एसडीएम को लिखा गया है पत्र

हमने डेढ़ महीने में 24 सौ रजिस्ट्री की है, जिसमें 22 सौ में तत्काल नामांतरण हो गया। इसके विपरीत 200 मामले ऐसे भी आए, जिनमें आटोमेटेड मोड में नामांतरण होने की बजाए ये प्रकरण सीधे तहसीलदारों के पोर्टल में चले गए। इनके नामांतरण के लिए संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित करने एसडीएम को पत्र लिखा गया है।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

### नामांतरण करने कहा गया है

यह सही है कि रजिस्ट्री के बाद आटोमेटेड मोड में नामांतरण होने की बजाए प्रकरण तहसीलदारों के पोर्टल में चले गए हैं, लेकिन ऐसा क्यों हुआ? इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। जिला पंजीयक के पत्र के आधार पर संबंधित तहसीलदारों को नामांतरण के लिए निर्देशित किया गया है।

**-मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

क्षति का सर्वे कर तत्काल राहत दिलाने के निर्देश, अधिकारी कार्यालय में नहीं, प्रभावित लोगों के बीच पहुंचें

# कलेक्टर- एसपी ने बाढ़ के हालात से लोगों को राहत दिलाने ली आपात बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के हालात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिए अधिकारियों की आपात बैठक ली। उन्होंने बैठक में बाढ़ पीड़ित लोगों की हरसंभव सहायता के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि से जो भी नुकसान हुआ है उनका सर्वे कर तत्काल आरबीसी 6-4 के तहत सहायता दिया जाएगा। कलेक्टर-एसपी ने कहा कि स्थिति में सुधार आने तक कोई भी अधिकारी कार्यालय में नहीं बैठेगा। टीम बनाकर अधिकारी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का संयुक्त दौरा करेंगे और लोगों को आपदा से निपटने में जरूरी मदद करेंगे।

- **पुल के ऊपर बहते पानी में सड़क पार नहीं करने की अपील**

उन्होंने वीसी के जरिए अधिकारियों से जुड़कर एक-एक तहसील की मैदानी हालात की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि एक -डेढ़ माह के बराबर पानी पिछले दो-तीन दिन में बरस चुका है। उम्मीद से ज्यादा एकाएक ज्यादा पानी गिरने से कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी है। लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप से स्थितियों में सुधार आया है। उन्होंने पूरा प्रशासनिक सिस्टम को बाढ़ से बचाव कार्य में झोंक दिए हैं। उन्होंने अफसरों से कहा कि प्रभावित लोगों के पास जाएं, उनकी तकलीफ सुने। यदि उनका मकान अतिवृष्टि से जर्जर या नष्ट हो गया है तो उन्हें नजदीक के स्कूल अथवा आंगनबाड़ी में ठहराएं। उनके खाने और पीने का इंतजाम किया जाए। आरबीसी 6-4 का प्रकरण बनाकर उन्हें तत्काल मुआवजा दिलाया जाए।



बाढ़ राहत और अतिवृष्टि को लेकर अफसरों से चर्चा करते कलेक्टर।

### यहां जल भराव की स्थिति

बैठक में बताया गया कि बिल्हा के वार्ड 8 एवं 9, मस्तूरी के ईटवापाली, कोटा के तेन्दूभांठा,बांसाझाल, चपोरा, मोहदा, केंदाडांड, मोहदा, पचरा, टोनासागर सेमरा और तखतपुर के मनियारी नदी के किनारे कुछ गांव प्रभावित हुए है। बिलासपुर शहर में गोकने नाला के निचले क्षेत्र सहित गंगानगर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बंधवापारा, तोरवा एरिया में 8-10 स्थलों पर जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे कच्चे नाले बनाकर पानी बाहर निकाला गया है। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ के हालात से लोगों की जान और माल बचाना है। किसी बड़े अधिकारी के अनुमति का इंतजार किए बिना जनहित में निर्णय लिया जा सकता है। बरसात में दूषित पेयजल से डायरिया फैलने की संभावना बनी हुई है। लिहाजा मुस्तैदी से सभी प्रकार के दवाईयों की उपलब्धता रहे।

### आपसी तालमेल के साथ काम करें : एसपी

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस की टीम आपसी तालमेल के साथ काम करते दिखने चाहिए। बैठक के बाद जाकर अपने अनुविभाग में भी संयुक्त बैठक करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यदि कोई तथ्यहीन खबर की जानकारी आए तो तत्काल उसका खण्डन करते हुए सही जानकारी दे।

## कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के पुनः अध्यक्ष बने अरविन्द, राजेश सचिव

**बिलासपुर।** नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति के नए पदाधिकारियों का चुनाव 6 जुलाई को कराया गया। इसमें निर्वाचन अधिकारी आदित्य दुबे, राजेश शुक्ला, रमेश पाण्डेय व संतोष बाजपेयी ने निर्वाचन संपन्न कराया एवं परिणामों की घोषणा की। इसमें अरविन्द दीक्षित समाज के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वहीं राजेश शुक्ला सचिव एवं प्रभात मिश्रा कोषाध्यक्ष बनाए गए। साथ ही महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष में चंद्रकिरण बाजपेयी मनोनीत हुई है। उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, गोपाल मिश्रा, संदीप बाजपेयी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, जगदीश त्रिवेदी, मनीष दीक्षित, शरद शुक्ला एवं अजय शुक्ला को बनाया गया। इसी तरह सह सचिव विनय राजन दीक्षित, अभिषेक मिश्रा, अशोक त्रिवेदी, रितेश शुक्ला एवं दिव्य प्रकाश दुबे मनोनीत किए गए। प्रचार सचिव चन्द्र प्रदीप बाजपेयी व अशोक मिश्रा तथा सह कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी बनाए गए।









निर्वाचित कार्यकारणी में अनुग्रह मिश्रा, नीरज, राजा, अवस्थी, रामनारायण तिवारी, रत्नेश दुबे, योगेश तिवारी, विमलेश बाजपेयी, देवेश अवस्थी, विद्याधर बाजपेयी, लक्ष्मीकांत अवस्थी एवं मनीष मिश्रा हैं। मनोनीत कार्यकारणी में शिवा मिश्रा, राजीव अवस्थी, शिवप्रसाद बाजपेयी, राम कुमार तिवारी, संजय तिवारी, विनय दीक्षित, प्रभात अवस्थी, पवन तिवारी, विक्रान्त तिवारी एवं अर्पित तिवारी हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय, पार्षद अमित तिवारी, मनोज तिवारी, आशीष शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला, ज्ञान अवस्थी, संजीव तिवारी (गुड्डू) अनिल तिवारी, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी गोड़पारा, चन्द्र चूड़ त्रिपाठी, सुद्धाशु मिश्रा, रोशन अवस्थी, शैलेष बाजपेयी, गौरव तिवारी, अभिनव तिवारी, अखिलेश शुक्ला, महर्षि बाजपेयी व गुरुदेव अवस्थी मनोनीत किए गए हैं।

## एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया सदस्यों का सम्मान




**बिलासपुर।** एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन (भोपाल वृत्त) का स्वाथ्य परीक्षण शिविर एवं सम्मेलन आईएमए भवन, में आयोजित किया गया। एसबीआई के उपमहाप्रबंधक आलोक रंजन ने 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि बैंक के उत्तरोत्तर उत्थान पर बैंक के पूर्व के जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, अधीनस्थ आदि समस्त स्टाफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है जो आज बैंक के पेंशनर्स हैं। आज बैंक का व्यवसाय एवं लाभांश देश के अन्य बैंकों की तुलना में सबसे अग्रणी है। सम्मेलन में बिलासपुर माड्यूल के वृत्त सहायक सचिव योगेश तिवारी एवं बिलासपुर यूनिट के सचिव मिहिर नाग ने संगठन के कार्यकलापों की जानकारी दी। अध्यक्ष आर पी शुक्ला ने कहा कि आज बैंक के कम्प्युटरीकरण के फलस्वरुप ग्राहकों को त्वरित एवं सुरक्षित सेवा उपलब्ध है। सम्मेलन में अपोला हास्पिटल के चिकित्सकों ने पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

पूर्व अध्यक्ष जमील अहमद ने एसबीआई द्वारा पेंशनर्स सदस्यों को दी जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी मेडिकल सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आजाद वर्मा, व्ही के श्रीवास्तव, रमेश सन्नाला, पी के मजूमदार, पी के गुप्ता अशोक जज्ञासी, प्रभात बैनर्जी, बी सी गोलदार एवं संध्या नाग, प्रकाश कटैलिहा आदि का सहयोग रहा।

## फर्जी दस्तावेज से प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचा, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज से प्रधान आरक्षक की पैतृक जमीन को बेचने वाले 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई निवासी प्रधान आरक्षक प्रकाश दुबे पिता स्व. भैयालाल दुबे की पैतृक जमीन खसरा नम्बर 672, 56 डिस्मिल को कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनुज मिश्रा के पास बेच दिया गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 336, 338, 340, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी मंगलदास पिता डहकूदास पण्डो 75 साल माहुली त्रिकुण्डा बलरामपुर, राम गोविंद पटवा पिता वासदेव पटवा 39 साल माहुली त्रिकुण्डा बलरामपुर, अनुज कुमार मिश्रा पिता स्व. अशोक मिश्रा 35 साल शक्ति चौक राजकिशोरनगर, प्रियांशु मिश्रा पिता विरेन्द्र कुमार मिश्रा 30 साल आवासपारा चोरभठ्ठी हालमुकाम अभिषेक विहार फेस 2 मंगला, राहुल पटवा पिता रामलाल पटवा 31 साल उसलापुर अटल आवास निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।



### राजस्व अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

प्रधान आरक्षक श्री दुबे ने थाने में उनकी पैतृक जमीन को बेचने के लिए आरोपियों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले को गंभीरता से जांच कर दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

### बोतल से युवक के सिर पर जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** शराब की बोतल से युवक के सिर पर जान लेवा हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 13 अप्रैल को सलमान अली अपने दोस्त का इलाज कराने बिलासपुर गए थे। इलाज कराने के बाद वापस लोरमी जाते समय कोटा पहुंचकर सोनी ढाबा में खाना खाकर शराब लिए और लोरमी रोड पेट्रोल पंप के पीछे जाकर पी रहे थे। पुरानी रंजिश की बात पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने पर सलमान अली ने मना किया। इससे राकेश जायसवाल ने शराब की बोतल से उसे सिर पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने 7 जुलाई को फरार आरोपी लोरमी निवासी राकेश जायसवाल पिता महेंद्र कुमार जायसवाल 33 साल को बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 2, 109, 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## एजुकेशन प्लस

### लॉयोला स्कूल के छात्र परिषद ने ली शपथ



**बिलासपुर।** लॉयोला स्कूल में 5 जुलाई को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नव निर्वाचित छात्र परिषद ने जिम्मेदारी की शपथ ली और अपने बैज प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने नेताओं से अनुशासन और सेवा के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। वरिष्ठ वर्ग-स्कूल हेड बॉय - अनिष टंडन, स्कूल हेड गर्ल - आकांक्षा दास, स्कूल वाइस हेड बॉय - जपमन सिंह चावला, वाइस हेड गर्ल - नित्या सिंह चंदेल,कल्चर हेड बॉय - लक्ष्य शर्मा, हेड गर्ल - सृष्टि साहू, वाइस कैप्टन - स्नेहा मानसर, सम्प्रेता साहू, अथर्व शास्त्री, आदित्य तिवारी, स्पोर्ट हेड बॉय - मोहनिश वर्मा, हेड गर्ल - शुभ्रा सिंह गौर, वाइस कैप्टन - रोहन प्रकाश शाह, वी. मनीष कुमार, आयुषी मिंज, मानवी कक्कड़, डिसिप्लिन हेड बॉय - आदित्य कुमार, हेड गर्ल - अवंतिका साहू, वाइस कैप्टन - शिमोन कुमार, आदित्य एंगल, तनु चंद्रा, संवी आनंद हाउस प्रभारी- हेड बॉय - सृजन साहू, हेड गर्ल - अनुष्का राजपूत, वाइस बॉय - सोमेश श्रीवास, वाइस गर्ल - दिव्या सिंह, अध्यात्मिक प्रभारी - वंश भंडारी, मान्या शर्मा, जयेश कुमार साहू, आदिति झा, जूनियर विंग हेड बॉय - आदित्य पटेल, हेड गर्ल - दिव्यांशी शुक्ला, कल्चरल कैप्टन - तथास्तु शुक्ला, कल्चरल कैप्टन - कैथलीन जॉन, स्पोर्ट्स कैप्टन रणविजय सिंह, स्पोर्ट्स कैप्टन - आरोही राठौर, डिसिप्लिन कैप्टन- समर्थ सैमुअल पॉल, डिसिप्लिन कैप्टन - इशानी कौशिक, असेंबली कैप्टन - मो. कैफ असेंबली कैप्टन - नित्यश्री पटेल शामिल हैं।

### चौकसे कॉलेज रिपोर्टिंग के साथ प्रथम




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा आयोजित बी.टेक काउंसलिंग के प्रथम चरण की रिपोर्टिंग प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। रिपोर्टिंग के बाद प्राप्त आंकड़े दर्शाते हैं कि बिलासपुर संभाग के निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने न केवल सर्वाधिक सीट एलॉटमेंट प्राप्त किया, बल्कि छात्रों ने इन एलॉटमेंट्स को सबसे ज्यादा संख्या में एडमिशन में भी कन्वर्ट किया। यह उपलब्धि चौकसे कॉलेज को बिलासपुर के सभी निजी संस्थानों में रिपोर्टिंग और वास्तविक एडमिशन के आंकड़ों में शीर्ष स्थान पर स्थापित करती है। इस बार की बी.टेक काउंसलिंग में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को छत्तीसगढ़ राज्य की कंबाइंड मेरिट लिस्ट के टॉप 1000 में शामिल कई छात्रों ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना। कई ऐसे छात्र जिनको पहले राउंड में अन्य कॉलेज एलॉट हुए थे, वे अब अपना एलॉटेड कॉलेज छोड़कर चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन के लिए रुचि दिखा रहे हैं। ऐसे छात्र दूसरे राउंड में चौकसे को अपनी नई पसंद बना रहे हैं, और कॉलेज में एडमिशन से संबंधित जानकारी के लिए लगातार पूछताछ कर रहे हैं। कॉलेज में उपलब्ध कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस जैसे उभरते हुए कोर्स के साथ ही कोर ब्रांचेस भी छात्रों के लिए मुख्य आकर्षण बने। अनुभवी फैकल्टी, अत्याधुनिक लैब्स, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और लगातार बेहतर होता प्लेसमेंट रिकॉर्ड, कॉलेज को छात्रों के लिए सर्वोच्च विकल्प बना रहे हैं। कॉलेज में हाल ही में 27 जून को आयोजित प्लेसमेंट में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि यह सफलता टीमवर्क, स्पष्ट विजन और गुणवत्ता की निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। काउंसलिंग का दूसरा चरण 8 जुलाई से 13 जुलाई तक है।

### एलसीआईटी में ओपन प्लेसमेंट 10 को




**बिलासपुर।** एलसीआईटी परिसर महिला प्रतिभाओं के लिए मेगा जॉब ड्राइव एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ की सभी महिला स्नातकों के लिए एक विशेष ओपन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जा रही है। यह सेमीनार 10 जुलाई को एलसीआईटी सेमिनार हॉल में होगा। इसमें किसी भी विषय की फाइनल ईयर या पासआउट महिला स्नातक, छत्तीसगढ़ से शामिल हो सकती हैं। यह अभियान कार्यस्थल पर महिला सशक्तिकरण और समावेशी अवसरों की दिशा में एक ठोस प्रयास है। अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी अमित पांडे से संपर्क कर सकते हैं। प्लेसमेंट में महिलाओं से इंट्रेडक्शन राउंड के तहत परिचय, योग्यता व लक्ष्य एवं इंटरएक्शन राउंड में वेतन एवं भूमिका पर चर्चा की जाएगी इसके अलावा मेडिकल, ट्रांसपोर्ट, पीएफ, बीमा, मातृत्व सहयोग, सुपरवाइजरी की भूमिकाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)**

विज्ञापन क्रमांक– 19 दिनांक 05/07/2025

**आवश्यकता**

पार्थ शिक्षण समिति, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में विश्वविद्यालय परिनियम–28 के तहत शैक्षणिक/अशैक्षणिक पदों में नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है।

**(A) सहायक प्राध्यापक**
1. जन्तुशास्त्र, भूगोल, वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, गणित, भौतिकशास्त्र, प्रबंधन (बी.बी.ए.),समाजकार्य प्रत्येक 01–01 पद,
2. कम्प्यूटर विज्ञान–02 पद

**(B) बी.एड. विभाग सहायक प्राध्यापक**
1. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य, विज्ञान, ललित कलाएँ, निष्पादन कलाएँ, (संगीत/नृत्य/रंगमंच एवं स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा) प्रत्येक 01–01 पद
2. गणित–02 पद

**(C) अशैक्षणिक**
1. कार्यालय सहायक (ग्रेड–3) 01 पद 2. प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) 01 पद
3. प्रयोगशाला सहायक (कम्प्यूटर) 01 पद 4. कम्प्यूटर ऑपरेटर 01 पद
5. भृत्य 02 पद

नोट:–1. योग्यता व वेतनमान यू.जी.सी./एन.सी.टी.ई., नई दिल्ली के अनुसार।
2. आवेदन की अंतिम तिथि 22/07/2025 (मंगलवार)

**पता-डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) पिन कोड-495006**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




# एयू : पीजी की 15 हजार 880 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेज में पीजी कक्षाओं में एडमिशन के लिए सोमवार से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में

**17 जुलाई को जारी होगी मेरिट लिस्ट**



पीजी की 15 हजार 880 सीटें हैं जिनपर एडमिशन दिया जाना है। इसके लिए 17 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी होगी, जिसके आधार पर एडमिशन दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए 7 जुलाई सोमवार से यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 16 जुलाई तक है।

पीजी कक्षाओं के लिए जितने छात्र-छात्राएं आनलाइन रजिस्ट्रेशन, फार्म भरेंगे, उनकी लिस्ट 17 जुलाई को संबंधित कालेजों के डेशबोर्ड भेज दी जाएगी। कालेजों द्वारा मेरिट लिस्ट निकालकर 17 जुलाई ही एडमिशन दिया जाएगा और 22 जुलाई तक पीजी कक्षाओं के लिए एडमिशन चलेगा। एडमिशन की अंतिम तिथि के बाद प्रवेशित छात्र-छात्राओं की लिस्ट कुलपति के अनुमोदन के लिए यूनिवर्सिटी को भेजा जाएगा। प्रवेश पोर्टल पुनः ओपन करने के लिए कालेज पोर्टल के डैशबोर्ड पर आनलाइन रि-ओपन रिक्वेस्ट डालना होगा तभी यूनिवर्सिटी आनलाइन पोर्टल ओपन करेगी। पीजी कक्षाओं में भी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार ही एडमिशन दिया जाएगा। अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में पीजी की कुल 15 हजार 880 सीटें हैं जिनमें

## इंजीनियरिंग की सात ब्रांचों में कुल 273 सीटें, सेकंड राउंड का रजिस्ट्रेशन आज से

**गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज**

# पहले राउंड में 170 सीटों पर एडमिशन

इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग समाप्त हो गई है। पहले राउंड में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी बिलासपुर में 170 सीटों पर एडमिशन हुआ है। इंजीनियरिंग कालेज में सात ब्रांच है जिनमें कुल 273 सीटें हैं। अभी 103 सीटें रिक्त हैं, जिसके लिए सेकंड राउंड का रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू होगा।

इंजीनियरिंग कालेजों में इस सत्र बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में एडमिशन के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग तहत आनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 जून से चालू हुआ था और 27 जून तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चलती रही। इसके पश्चात मेरिट लिस्ट जारी होने और 30 जून को सीटों के आबंटन बाद इंजीनियरिंग कालेजों में एडमिशन दिया गया। 6 जुलाई तक पहले राउंड का एडमिशन हुआ, जिसमें गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी की 170 सीटें



भर गई हैं। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में सिविल, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यूनिकेशन, आईटी, मैनिकल व माइनिंग सात ब्रांच हैं, जिनमें कुल 273 सीटें हैं। इस तरह से पहले राउंड में 170 सीटें भर जाने के बाद 103 सीटें बच गई है। दूसरी तरफ सेकंड राउंड की काउंसिलिंग के लिए मंगलवार से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो रहा है जो 11 जुलाई तक चलेगा।

**इंजीनियरिंग में ब्रांचवार सीटें**

| | |
|---|---|
| ◆ सिविल इंजीनियरिंग | 21 सीटों में 14 भरी |
| ◆ कंप्यूटर इंजीनियरिंग | 42 सीटों में 30 सीटें भरी |
| ◆ इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग | 63 सीटों में 42 सीटें भरी |
| ◆ इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यूनिकेशन | 42 सीटों में 20 सीटें भरी |
| ◆ आईटी इंजीनियरिंग | 42 सीटों में 27 सीटें भरी |
| ◆ मैनिकल इंजीनियरिंग | 42 सीटों में 25 सीटें भरी |
| ◆ माइनिंग इंजीनियरिंग | 21 सीटों में 12 सीटें भरी |

### पहले राउंड में 5 हजार 843 सीटों का आबंटन

पहले राउंड के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा 5 हजार 843 सीटों का आबंटन किया गया था। इसमें 6 हजार 695 स्टूडेंटस ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। इस सत्र प्रदेश के 29 इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक की कुल 11 हजार 498 सीटें है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीनों गवर्नमेंट कालेज बिलासपुर, रायपुर व जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें भी शामिल हैं। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें पहले भरने की संभावना है।

**बैठक**

## पंजाबी संस्था की कार्यकारिणी की सभा में लिए गए फैसले



**बिलासपुर।** शहर की पंजाबी संस्था रविवार को एक विशेष कार्यकारिणी सभा पंजाबी भवन इमलीपारा में आयोजित की गई। बैठक में पंजाबी संस्था की नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष सभा में प्रमुख एजेण्डा संस्था के वर्तमान अध्यक्ष अशोक ऋषि का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर नये अध्यक्ष के मनोनयन का रखा गया था। चर्चा के दौरान कार्यकारिणी सभा ने अध्यक्ष अशोक ऋषि को 1 साल की अवधि तक अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया। अंततः सभा ने सर्व-सम्मति से श्री ऋषि के आगामी 1 साल तक अध्यक्ष पद पर बने रहने का निर्णय पारित कर दिया, यह भी कहा गया कि अगली बैठक में श्री ऋषि सर्व-सम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे। बैठक में संस्था की आगामी सामाजिक गतिविधियों पर अनेक फैसले लिए गए । मानसून के सक्रिय होने के बाद पौधारोपण का विशेष अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। इसके अतिरिक्त संस्था में सदस्यता अभियान व अन्य धार्मिक, सामाजिक व पारंपरिक कार्यक्रमों को भी गति देने की रूप-रेखा तैयार की गई।

**कार्यक्रम**

## निम्बार्क तीर्थ की सजाई आकर्षक झांकी, संकीर्तन से माहौल भक्तिमय



**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल निम्बार्क भवन विद्या नगर में अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन चल रहा है। इसके सातवें दिन सोमवार को निम्बार्क तीर्थ की आकर्षक झांकी सजाई गई। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। आयोजक आशा रामावतार, निधी शिखर अग्रवाल ने बताया कि राधा माधव सरकार, चारों संप्रदाय युगल उपासना के प्रवर्तक श्री निम्बाकाचार्य के सानिध्य में भक्ति से ओतप्रोत अखंड युगल नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसमें युगल नामों का निरंतर कीर्तन किया जा रहा है। संकीर्तन के सातवें दिन निम्बार्क तीर्थ की आकर्षक झांकी सजाई गई। पूरी झांकी सखियों, गोपियों, वृंदावन के धन, ऐश्वर्य, घोड़ा, हाथी, मोर से युक्त व वन से आच्छादित रहा। झांकी का यह दृश्य सभी को लुभा रहा था। झांकी में यह भी दर्शाया गया कि आचार्य श्रीजी महराज हरि नाम का रथ में सवार होकर आए हैं और सभी को संकीर्तन करने पुकार रहे हैं कि आओ उन्हें भवसागर पार कराऊंगा। यह भी बताया गया कि हंस भगवान ने किस तरह अपनी परंपरा नारद भगवान को दिए तो नारद भगवान ने भक्ति का प्रचार किया।

**शिविर**

## बाल संस्कार केंद्र में बच्चों को कराया गया विजय महामंत्र का उच्चारण



**बिलासपुर।** नूतन चौक सरकंडा स्थित अटल आवास के मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की बहन प्रशंसा तिवारी ने बाल संस्कार केंद्र लगाया। इसमें 19 बालक-बालिकाओं सहित अटल आवास में निवासरत अन्य दीदी, भैया शामिल हुए। ब्रह्म नाद से केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विजय महामंत्र, प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी, राष्ट्र गान एवं मंत्रों का सही उच्चारण करने बच्चों को सिखाया गया। महापुरुषों के नाम बता कर खेल कराया गया। सामूहिक गीत गाकर संस्कार केंद्र को विराम दिया गया। ज्ञात हो कि प्रशंसा महाविद्यालयीन छात्रा संपर्क प्रमुख सुभाष प्रखण्ड भी है।

**आयोजन**

## भारतीय बौद्ध महासभा ने किया प्रतिभावान बच्चों का सम्मान



**बिलासपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर ने छत्रपति साहूजी महाराज की जिला स्तरीय जयंती कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर सामाजिक भवन मगरपारा में किया। इसमें कक्षा 10वीं-12वीं के 75 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण बच्चों को बौद्ध धम्म से संबंधित पुस्तक, मोमेन्टो प्रशस्ति-पत्र देकर शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की सोच डॉ अंबेडकर की तरह हो। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने साहू महराज व डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। बुद्ध वंदना का गायन किया गया। इसके बाद अतिथियों के हाथों प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में समीर अहिरवार, रितेश कुमार सोनवानी, लावन्या उके, मिराज अहमद, पवनी खोब्रागड़े, सानिका वाघमारे, हर्षिता कुर्रे, मनराज अहिरवार, विशाखा सखारे, प्रथा कोरी, दिव्यांशा ओगरे, राशि ऊके कक्षा 10 वीं, गरिमा वाहने, प्रतीक कार्निक, सपना वाचकर, एश्वर्य कुमार भिमटे, आशीष मनहर, आर्यन बोरकर, गरिमा मेश्राम, उर्वशी सूर्यवंशी कक्षा 12वीं शामिल रहे। इस मौके पर समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुजाता वाहने, चेतना तम्हाने, सरोज हुमने व आभार प्रदर्शन जिला महासचिव सुबोद्ध रंगारी ने किया।

कुदुदण्ड चांदनी चौक में स्थित मां सतबहनियां मंदिर में मौसी के यहां विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया की बाहुड़ा रथ यात्रा निकाली गई। मां सतबहनियां मंदिर में मौसी के घर से रथयात्रा निकाली गई और शिव मंदिर में पुनः अपने मंदिर लौटे। मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने इस बाहुड़ा यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए।

# मौसी के घर मां सतबहनियां मंदिर से शिव मंदिर लौटे जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र भैया और बहन सुभद्रा मां सतबहनियां मंदिर में विराजमान होने बाद से महिला समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन करते रहे जिससे मोहल्ले में भक्तिमय वातावरण हो गया था। आसपास के महिलाओं ने भी भजन कीर्तन में भाग लिए। शिव मंदिर के सभी सदस्यों ने प्रतिदिन शामिल होकर भजन कीर्तन करते रहे। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया जी को प्रतिदिन सुबह नाश्ता, काढ़हा, उसके बाद दोपहर भोजन फिर शाम को भोग लगाएं और रात्रि में भोजन दिए जाते थे। महिला समिति के सदस्यों ने अपने अपने घर से बारी बारी प्रतिदिन 9 रोज तक भोग प्रसाद, भोजन की व्यवस्था किये। मां सतबहनियां मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों में जमुना सोनी, सुशीला सोनी, आरबी सोनी, रामकली वासिंग, सरिता वासिंग, सहोदया सोनी एवं सभी मोहल्ले के लोग भाग लिए।



भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया 9 दिन अपने मौसी मां के यहां विराजमान होने बाद लौटे। मोहल्ले के सभी महिलाओं ने सुबह से तैयारी में लग गये थे। सुबह स्नान कराने के बाद नये वस्त्र पहनकर भोग प्रसाद लगायें। प्रतिदिन की तरह सेवा में लगे रहे। 3 बजे भजन कीर्तन के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया को 56 भोग लगाएं फिर संध्या आरती के बाद भगवान जगन्नाथ का बाहुड़ा रथयात्रा निकाली गई। रथ को विशेष सजाया गया था। जैसे ही भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और बलभद्र भैया रथ में विराजमान हुए वैसे ही रथ खींचने के लिए मोहल्ले वासी रथ खींचने लगे, रथ यात्रा के सामने रास्ते में पानी छिड़क कर और झाड़ू लगाते हुए शिव मंदिर तक ले गए।



### फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, आर्मी की दी गई ट्रेंनिग




# सीवीआरयू के कैडेट्स का थल सैनिक कैंप में चयन

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्व विद्यालय में 7 सीजी बटालियन द्वारा आयोजित कम्बाइंड एनुअल ट्रेनिंग और थल सैनिक कैंप का समापन हुआ। 28 जून से 7 जुलाई तक चले इस कैंप में 1 कैडेट्स का चयन थल सैनिक कैंप में हुआ है और ड्रिल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

कैंप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्कूल और कॉलेज के लगभग 800 कैडेट्स शामिल हुए। जिसमें लगभग 280 कैडेट्स स्कूल और 520 कैडेट्स महाविद्यालय से आए थे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि 7 सीजी बटालियन द्वारा हर वर्ष कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया जाता है। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स शामिल होते हैं। सीवीआरयू के एक कैडेट्स अभय सिंह का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए हुआ है। विवि की एनसीसी ईकाई ने ड्रिल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कैडेट्स सनम नेताम और डिकेश्वर बंजारे ने क्वाटर मास्टर, एजाज बंजारे व सत्यम कौशिक ने गार्ड ऑफ ऑनर एवं रोहित कुमार ने एंकरिंग में गोल्ड मेडल जीता है। 10 दिनों तक कैडेट्स की गतिविधियां सुबह से लेकर देर शाम तक चली। इस दौरान उन्हें फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, हेल्थ हाईजनिक क्लास, आर्मी से जुड़ी व ऑप्टिकल ट्रेनिंग दी गई। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने क्लास लेकर कैडेट्स को अनेक विषयों की जानकारी दी।



**हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कैंप के अंतिम दिन कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। आयोजन में अतिथियों ने कैडैट्स को मेडल और पुरस्कार प्रदान किया। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय से कैंप में लेफ्टिनेंट संदीप सिंह व प्रदेश भर के वरिष्ठ सेना के अधिकारी शामिल हुए। जिसमें ग्रुप डिप्टी कर्नल एस रमेश रायपुर से विशेष रूप से शामिल हुए। यह कैंप कर्नल ले. आशीष देवा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.प्रदीप कुमार घोष ने सभी कैडेट्स और विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

## स्टैण्ड बॉल में लगातार तीसरी बार महिला पुरुष सीनियर बनी राष्ट्रीय चैंपियन



मथुरा में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय स्टैंडबॉल जूनियर सीनियर चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम महिला - पुरुष दोनों ही वर्गों में लगातार तीसरी बार जीत हासिल की और चैंपियनशिप पर कब्जा किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टैण्ड बॉल फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने बताया कि यह जीत मध्य प्रदेश के विरुद्ध फाइनल मुकाबले में दर्ज की। पुरुष वर्ग ने 4-1 से और महिला वर्ग ने 3-1 से मैच जीता। टीम के कोच मनीष मुखर्जी रहें। प्रतियोगिता की बेस्ट प्लेयर महिला वर्ग की सानिया को तथा पुरुष वर्ग में कप्तान लव सिंह रहे। वहीं फेडरेशन की डॉ शाज़िया अली, अंतरराष्ट्रीय स्टैण्ड बॉल खिलाड़ी और राष्ट्रीय रैफरी आदित्य रजक, भीम मीणा ने आयोजन को सफल बनाया।

## सेजेस स्कूल की दो छात्राओं ने हॉकी में किया शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हॉकी में सेजेस लिंगीयाडीह की छात्राएं सोनाक्षी यादव एवं अजमत परवीन ने दमदार प्रदर्शन किया। रांची में चल रही 15 वी हॉकी इंडिया सब जूनियर बालिका प्रतियोगिता में बालिका टीम ने शुरूवाती मैचों में तमिलनाडु को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। यह स्पर्धा 14 जुलाई तक आयोजित है, जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में चल रहे प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मैच में वेस्ट बंगाल को 5-0 से और दूसरे मैच में तमिलनाडु को 2-1 से हराया। देश के विभिन्न राज्यों की 28 टीमे में भाग ले रही है,विद्यालय की दो छात्राएं सोनाक्षी यादव एवं अजमत परवीन भी प्रदेश की टीम में चयनित हुई। दोनों दसवीं कक्षा में अध्यनरत है, विद्यालय के व्यायाम अनुदेशक धनीराम यादव ने बताया कि चयन स्पर्धा राजनांदगांव में आयोजित किए गए, जिसमें 28 बेहतर खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण कैंप के लिए किया गया था। विद्यार्थियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एम के मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी, रामेश्वर जायसवाल, अनामिका तिवारी, मंजू सिंह, हेडमास्टर शैलेंद्र शर्मा, गौरव मंगरुलकर, धीरेंद्र शर्मा, अरुंधति साहू, शुभकामनाएं प्रेषित की।





**प्रतियोगिता में लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया**



## योगासना में शुद्ध योग केन्द्र ने जीता गोल्ड

योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता चौकसे कालेज में कराई गई, हर आयु सीमा के लिए अलग- अलग चार तरह की प्रतियोगिता बालक -बालिका की हुई। इसके साथ ही साथ योगासन के टैलेंट को जिला से चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजने के लिए टैलेंट का चयन हुआ,मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति एड एन बाजपेयी,महापौर पूजा विधानी,प्रदेशाध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स जयंत भारती, जिलाध्यक्ष एवं डायरेक्टर चौकसे महाविद्यालय डॉ आशीष जायसवाल रहें । सभी ने बच्चो को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढाया और योग को दैनिक जीवन में खेल की तरह अपनाने उनके सनातन काल से चली आ रही, परंपरागत योग पर प्रकाश डाला,कर्म योग, ज्ञान योग, भक्ति योग पर भी चर्चा हुई। राज्य स्तर पर पदाधिकारियों में डॉ मेजर सिंह,भोजेन्द्र , नुरेन्द्र कार्यक्रम को सफल बनाने विशेष रुप से उपस्थित रहे। योग के प्रति जागरूक करने प्रदेश के अध्यक्ष महोदय द्वारा पालको से बैठक कर सभी को बच्चों के साथ योग से जुडने प्रेरित किया और वर्तमान समय में योगासन के बारिकियो को समझने और प्रतियोगिता में उनके साथ पहुंचने बधाई दी। इस स्पर्धा में शुध्द योग केन्द्र के बच्चों ने परचम लहराया जिसमें 7 गोल्ड व 2 डबल गोल्ड जीता। इसमें धारिणी,सार्थक,प्रणव,रीत व आर्याने गोल्ड जीता। इस पर केन्द्र की संचालिक डॉ मोनिका पाठक ने इन्हें शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



### महामाया मंदिर पहुंचे दयानंद, लिया आशीर्वाद

**रतनपुर।** छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद शनिवार को मां महामाया मंदिर रतनपुर पहुंचे जहां उन्होंने महामाया के दर्शन किए एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उनके साथ में रतनपुर के समाज सेवी ललित अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### सर्प दंश से बचाव के लिए दवा उपलब्ध

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सर्पदंश से बचाव हेतु जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मानसून के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। बाढ़ जैसी स्थिति के बाद आवासीय क्षेत्रों में सांप दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सर्पदंश से बचाव हेतु घर को कूड़ारहित रखें, चूहे के बिल को बंद करें, नाली को जाली से बाहर से बंद करें एवं खाट या बाजवट पर मच्छरदानी लगाकर सोएं, जूते पहनकर ही पैदल चलें। दरवाजे एवं खिड़कियों के पास पौधे न लगाएं एवं पौधों व झाड़ियों के बीच जाने से बचें।

### मुंगेली जिले में अब तक 918.6 मिमी वर्षा

**मुंगेली।** जिले में 1 जून से अब तक 918.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं आज 95.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली तहसील में आज 119.0 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 69.0 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 105.0 मिली मीटर तथा लालपुर थाना तहसील में 90.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## निधन

### ईश्वरी देवी मेहरचंदानी



**बिलासपुर।** भक्त कंवर रामनगर सिंधी कालोनी निवासी ईश्वरी देवी मेहरचंदानी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 7 जुलाई को झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी में किया गया। वे स्वः नारायणदास मेहरचंदानी की पत्नी, रमेश कुमार, राजकुमार, मनोहर, चंद्रपाल, प्रेम की माता थीं।

### लखन लाल यादव



**बिलासपुर।** जोरापारा सरकंडा के निवासी लखन लाल यादव का 6 जुलाई को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे बसंत, हेमन्त और हेमलता यादव के पिता थे।

### सुनीता तललवार



**बिलासपुर।** गौर कॉलोनी यदुनंदन नगर निवासी सुनीता तललवार का 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश तललवार की पत्नी एवं सुमित, प्रणय की माता थीं।

### इंदिरा उपाध्याय



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर निवासी इंदिरा उपाध्याय का निधन हो गया। वे 63 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेंद्र उपाध्याय की पत्नी, अमित, जितेन्द्र और पूनम पाण्डेय की मां थीं।

# ये कैसा गौरव पथ, जिसमें रोज हो रहे हादसे

## सड़क पर बन गए हैं जानलेवा गड्ढे





**तखतपुर।** नगर के बीच से गुजरने वाली सड़क को प्रशासन ने गौरव पथ का नाम दिया है, उसकी हालत इन दिनों इतनी खराब हो गई है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं और प्रशासन उदासीन है। सोमवार को सिलेण्डर से भरा आटो एवं यात्रियों से भरी एक ई रिक्शा पलट गई। हालांकि इस दुर्घटना से किसी को कोई हानि नहीं हुई, लेकिन आगे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। तखतपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बेलसरी से मनियारी पुल एवं गौरव पथ की हालत इतनी जर्जर है कि राहगीरों का वाहन तो अलग बात है पैदल चलना दूभर हो गया है। जगह-जगह बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए हैं जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। बारिश होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता और वे दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। नगर प्रशासन जागने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे बड़ी दिक्कत छोटे वाहन चालकों को हो रही है जिसमें वाहन पलट जा रहे हैं। सोमवार को गुरूनानक गेट के पास सिलेण्डर से भरा आटो गड्ढे में जाकर पलट गया। उसके बाद गौरव पथ में सृजन हास्पिटल के पास सवारी से भरी ईरिक्शा पलट गई और इसमें बैठे हुए यात्री मुश्किल से बाहर निकले। रिक्शा चालक उसी में दब गया था लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। इन दिनों रोज मार्ग पर दुर्घटना हो रही है इसके बाद भी शासन प्रशासन को इस मार्ग के मरम्मत कराने की सुध नहीं है।

### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का रोज होता है आवागमन

ऐसा नहीं है कि इस मार्ग पर केवल आमजन ही गुजरते हैं बल्कि प्रतिदिन विभागीय अधिकारी के साथ साथ अन्य विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं परंतु उन्हें इस बदहाल सड़क को सुधरवाने में रूचि नहीं है। बारिश के पूर्व ही सड़क की मरम्मत हो जाती और लोग आसानी से यात्रा कर लेते चोटिल नहीं होते।

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

# बाढ़ के हालात से निबटने प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने भारी बारिश एवं कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए आपदा बचाव एवं राहत के संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने सभी अनुविभागों के एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति वाले गांवों में पर्याप्त खाद्य सामग्री, केरोसिन, दवाइयां, लाइफलाइन सप्लाई आदि आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ की स्थिति में प्रभावी सूचना तंत्र स्थापित करने, त्वरित सूचना के लिए बाढ़ प्रभावित गांवों में नोडल अधिकारी बनाने एवं समस्याओं की तत्काल समाधान के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला सेनानी को बाढ़ संभावित क्षेत्र में नाव, लाइफ जैकेट आदि व्यवस्थाओं के साथ पर्याप्त रूप से एसडीआरएफ की टीम को तैनात करने के लिए कहा। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा अधिकारी को पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए शेड इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके साथ-साथ ए. टी. आर. के संभावित बाढ़ वाले तथा पहुंचविहीन क्षेत्रों में राशन, पेयजल आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुले और मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बारिश के मौसम में होने वाले मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।



वीडियो कांफ्रेंसिंग से अफसरों की बैठक लेते कलेक्टर।

### लोगों को करें जागरूक

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में डायरिया सहित अन्य जल जनित बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है, इसके लिए उन्होंने पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता के लिए कुंओं व हैण्डपम्पों में ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव करने, पानी को उबालकर पीने के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने संभावित क्षेत्रों में पर्याप्त दवाई एवं अन्य उपचारात्मक सुविधा उपलब्ध कराने, नगरीय निकायों के नाले-नालियों में निरंतर साफ-सफाई कराने, जल जमाव की स्थिति को रोकने डीवाटरिंग पंप सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्राथमिक शाला लोहदा में स्टूडेंट स्कूल कनेक्टिंग कार्यक्रम




**सरगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला लोहदा में स्टूडेंट स्कूल कनेक्टिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य रिजवान खान ने किया। संकुल समन्वयक मोहन लहरी ने स्टूडेंट स्कूल कनेक्टिंग कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और शाला की अन्य रचनात्मक गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर रिजवान खान ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला लोहदा में इस तरह का अभिनव प्रयास सराहनीय है। यह शाला एक निजी विद्यालय की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नवाचारों से परिपूर्ण है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है।शिक्षक बलजीत सिंह कांत द्वारा स्वयं के व्यय से कक्षा पहली के सभी विद्यार्थियों को छाता, पानी की बॉटल, कॉपी, पेन और पेंसिल उपलब्ध कराना एक प्रेरणादायी कार्य है। इस अवसर पर उपसरपंच शत्रुहन कुर्रे, पंच सुखनंदन राजपूत, संकुल प्राचार्य अजय कमल, संकुल समन्वयक मोहन लहरी, प्रधान पाठिका सुशीला ध्रुव, शिक्षक बलजीत सिंह कांत और प्रवीण कोशले सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तक के लिए मिला डिजिटल मार्गदर्शन

**सीपत।** छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशन, डाइट पेंड्रा के मार्गदर्शन और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी के नेतृत्व में प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु नवीन एफएलएन आधारित नवीन पाठ्यपुस्तक पर ब्लेंडेड ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण को मस्तूरी ब्लॉक के तीन जोन सीपत, मस्तूरी और पचपेड़ी में विभाजित कर 5 दिवसीय प्रशिक्षण के रूप में आयोजित किया गया है।

द्वितीय दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी ने गूगल मीट के माध्यम से जुड़कर शिक्षकों को विद्यालयीन शैक्षिक वातावरण को समृद्ध करने के व्यावहारिक सूत्र बताए। डाइट पेंड्रा से एफएलएन जिला प्रभारी विकास वर्मा ने ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण के संयोजन को रेखांकित करते हुए शिक्षकों को योजनाबद्ध एवं लक्ष्य केंद्रित शिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। ब्लॉक पेडागॉजी प्रभारी एवं एबीईओ शिवराम टंडन ने एफएलएन की मूल दक्षताएं भाषा व गणित की पूर्व जांच एवं बच्चों की शैक्षिक स्थिति के अनुरूप लर्निंग आउटकम आधारित योजना बनाने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण के दौरान बीआरजीएस कल्पना सिंह, सावित्री सेन, अमरदीप भोगल, लकेश्वर नेताम, जितेंद्र वैष्णव, धीरेंद्र सत्यवेदी और शंकर लाल कैवर्त ने साप्ताहिक एवं सावधिक आंकलन, बहुकक्षा शिक्षण, और उसकी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र में 456 शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित करने में प्रशिक्षण प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय (संकुल शैक्षिक समन्वयक, कन्या सीपत), सुचित्रा चंदेल (हिर्री), पुरुषोत्तम धृतलहरे (लोहरसी), चरणदास महंत, रंजीता जांगड़े आदि शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## डीएवी बिल्हा गोढ़ी में मना रैनी डे उत्साह के साथ शामिल हुए बच्चे



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बिल्हा गोढ़ी में रैनी डे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्र-छात्राएं बड़े उत्साहित थे। बच्चों के उत्साह को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि मुस्कुराइए आप बच्चों की मुस्कुराहटों में हैं सचमुच वर्षा ऋतु प्रकृति का एक अनुपम उपहार है, जो न केवल हमारी धरती को हरा-भरा बनाती है, बल्कि हमें आनंद, ताजगी और सृजनात्मकता का संदेश भी देती है। इस उत्सव के माध्यम से हम बच्चों को प्रकृति के करीब लाने का प्रयास कर रहे हैं।रैनी डे केवल मस्ती का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें सिखाता है कि हर मौसम की अपनी सुंदरता और महत्व होता है। उनकी प्रस्तुतियों में जो उल्लास और ऊर्जा दिखी, वह सराहनीय है।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्राकृतिक सौंदर्य के प्रति प्रेम, रचनात्मकता और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## 66 सहकारी समितियों व उपार्जन केंद्रों में पौधरोपण



**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई पर जिले के सभी 66 सहकारी समितियों और उनके उपार्जन केंद्रों में 25-25 पौधरोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास की दिशा में सहकारिता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सहकारिता विभाग के विभागीय अधिकारियों द्वारा सेवा सहकारी समिति मुंगेली एवं लौदा में पौधरोपण का कार्य किया गया। इस दौरान सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं हितेश श्रीवास सीसीबी के नोडल अधिकारी संतोष सिंह, समिति के प्रबंधक सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोक निर्माण विभाग ने किया पौधरोपण

**बिल्हा।** लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2 चकरभाठा केम्प स्थित संभागीय कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुभागीय अधिकारी बिंद्रा प्रसाद, बीबीजे गौतम, संभागीय अधिकारी मोहनलाल कोष्टी, उप अभियंता सुधीर दास, विनोद शिंदे, विमल चंद बघेल, सुधीर श्रीवास्तव, प्रमोद निर्मलकर, अश्वनी पांडे, गणेश राम रजक, रमेश कोरी, उमेश दुबे, राजेश गुप्ता, शिव मरावी, केजी गौतम, आरके शर्मा, उषा धुर्वे और आज़ाज अहमद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृक्ष जीवन देते हैं, इसकी रक्षा करें



**पेंड्रा।** वन मंडल के पेंड्रा रेंज द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रा में वनमण्डलाधिकारी ग्रीषमी चांद के दिशा निर्देश में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सृजन भगत, एडिशनल एसपी ओम चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़ बृजलाल राठौड़, भाजपा जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, अध्यक्ष शिशु मंदिर नीरज जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य, एवं स्टॉफ, संलग्नधिकारी अविनाश इमैन्युअल, पेंड्रा परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर ईश्वरी प्रसाद खूटे, परिक्षेत्र सहायक पेंड्रा, प्रकाश बंजारे, संजय पैकरा, विष्णु जायसवाल, मुगेश्वरी सुमन, बालम पोर्ते, जयमंत्री पैकरा, लाल बहादुर कौशिक, रविंद्र जायसवाल उपस्थित रहे।

## जरौंधा स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे



**तखतपुर/जरौंधा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरौंधा में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनम राम साहू थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच नंदराम मरावी ने की। कार्यक्रम का संचालन समिति नाज़नीन बानो (व्याख्याता)ने किया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश पाण्डेय अश्विनी श्रीवास ग्राम सचिव सुलक्षणा बंजारे मनोज कुमार साहू परमानंद रजक किशोर सूर्यवंशी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक,संकुल प्राचार्य जीआर चतुर्वेदी एवं संकुल शैक्षिक संबंध में सुशील साहू एवं विद्यालय परिवार की समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बीएलओ सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण



**तखतपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फ़ोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण जनपद सभा कक्ष एवं वनचेतना क्षेत्र सकरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचक नामावली में फॉर्म 6 नाम जोड़ने हेतु, फॉर्म 6 क प्रवासी, फॉर्म 7 विलोपन (जैसे स्थानांतरण, विवाह, मृत्यु होने पर), फॉर्म 8 त्रुटि सुधार जिसमें नाम, जन्म तिथि, स्थानांतरण, डुप्लीटेक फोटो परिचय पत्र, दिव्यंग मतदाता चिन्हांकित करना एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। प्रशिक्षण उपस्थित एईआरओ पंकज सिंह तहसीलदार तखतपुर, आकाश गुप्ता तहसीलदार सकरी, नायब तहसीलदार श्रद्धा सिंह गनियारी, नेहा कौशिक, सकरी, अनिरुद्ध तिवारी तखतपुर, सहोरीक यादव, सकर्रा द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दी गई जिसमें डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. एसके पाडे, श्रीकांत मिश्रा, हूप सिंह क्षत्री, संजय ठाकुर, रमाकांत पांडेय, बीबी जोशी, राजेश कौशिक, अनिल सिंह ठाकुर, आर एन श्रीवास कानूनगो, सुश्री राजकुमारी ध्रुव, डाटा एंट्री ऑपरेटर, बृजेश पांडेय कानूनगो सकरी, देवकांत सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी के द्वारा हिमांशु पाण्डेय पिता स्व. अखिलेश कुमार पाण्डेय निवासी रायगढ़ के नाम पर ग्राम सेंदरी प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोनी तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 1699 रकबा 0.0240 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है जिसकी शीघ्र रजिस्ट्री होना तय है। इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय
राजकुमार मिश्रा
(नोटरी/ अधिवक्ता)
कश्यप कालोनी गली नं. 4,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9425543797, 7987504843

**Name Change**
**नाम परिवर्तन**

I, Jaideep Duuta S/o Sri Jaidev Dutta residing presently at Block-Amba, Flat-504, Harsh Heavence, Seepat Road, Bilaspur (C.G.) have changed my name to Jaideep Dutta as per affidavit No. 4243/25 dtd.04.07.2025.

मैं जयदीप दूता पुत्र श्री जयदेव दत्ता वर्तमान निवासी ब्लॉक-अम्बा, फ्लैट-504, हर्ष हेवेंस, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.) ने नोटरी के समक्ष शपथ पत्र क्र. 4243/25 दिनॉक-04.07.2025 के अनुसार अपना नाम परिवर्तित कर जयदीप दत्ता कर लिया है।

Jaideep Dutta
जयदीप दत्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /क/ ना. तह./ वाचक/2025 बिलासपुर
दिनांक: 25/06/2025
पक्षकार- राबिन्सन जोसफ विरुद्ध छ.ग.शासन
मौजा-मंगला प.ह.नं.35,
ई.रा.प्र.क्र....../अ-6/2024-25

ग्राम मंगला प.ह.नं.35 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राबिन्सन जोसफ पिता स्व.जोसफ साइमन निवासी-गंगानगर मंगला चौक बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा मंगला प.ह.नं. 35 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 995/14 रकबा 660 वर्गफुट को क्रय करने उपरांत अधीक्षक भू अभिलेख शाखा परि.भूमि नगरीय बिलासपुर से दिनांक 14.10.2014 को नामांतरण करा लिया था। किन्तु उक्त भूमि का राजस्व अभिलेखों में परिपालन नहीं हुआ है। आवेदक के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के उक्त अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा परि. भूमि नगरीय बिलासपुर से दिनांक 14.10.2014 का पालन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 11/07/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 25/06/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /क/ ना. तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक: 07/07/2025

ग्राम देवरीखुर्द के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 43, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 105/3 /झ रकबा 0.012 हे.....हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक भारती साहू पिता/पति मनीष साहू निवासी देवरीखुर्द द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 23/07/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /क/ ना. तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक: 07/07/2025

ग्राम देवरीखुर्द के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 43, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 105/3 /ज रकबा 1076.39 वर्गफीट हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक रूमलाल पिता/पति रूप सिंह निवासी देवरीखुर्द द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 23/07/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /क/ ना. तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक: 07/07/2025

ग्राम देवरीखुर्द के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवरीखुर्द प.ह.नं. 43, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 105/3 /छ, रकबा 0.010 हे./ हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक होरीलाल पिता/पति स्व.मोतीराम यादव निवासी देवरीखुर्द द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 23/07/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



# दिलीप कुमार को याद कर धर्मेंद्र हुए इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल धर्मेंद्र ने आज के दिन को मनहूस बताते हुए कहा कि आज ही दिन उनका सबसे प्यारा दोस्त उनसे बिछड़ गया था। धर्मेंद्र का यह पोस्ट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धर्मेंद्र और दिलीप कुमार एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज का दिन कितना गमनाक और मनहूस दिन है।

## लाइफ Style



# वाणी मंडला मर्डर्स से कर रहीं डिजिटल डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेटफ्लिक्स और वायआरएफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित और विधा सीमाएं लांघने वाली सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है।

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने कहा कि यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है।

## टॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसे महेश

**हैदराबाद।** साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू एक कानूनी विवाद में उलझ गए हैं। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ रियल एस्टेट घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट खरीदने के लिए करीब 34.8 लाख रुपये दिए, लेकिन जिस जमीन की बात की गई थी, वह असल में मौजूद ही नहीं थी। इस शिकायत के आधार पर, तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले की उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता महेश बाबू को कानूनी नोटिस भेजा है।



# ऋषभ को बर्थडे पर मिला तोहफा...

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' का पोस्टर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन के खास मौके पर ही आउट किया है। वहीं मूवी की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की मूवी 'कांतारा' ने साल 2022 में खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं ये मूवी उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं आज यानी 7 जुलाई को इसके प्रीक्वल का पोस्टर जारी किया गया है। इसका नाम 'कांतारा चैप्टर 1' रखा गया है। मेकर्स ने इस मूवी के पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के बर्थडे पर ही रिलीज किया है। आज एक्टर अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर उन्होंने फैंस को भी सरप्राइज गिफ्ट दे दिया है। वहीं मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। ये मूवी इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है। वहीं अजय और मृणाल ने इसकी जानकारी अपने फैंस को इंस्टाग्राम पर दी।




# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है। अब तक फिल्म को एक गहन प्रेम कहानी के लिए सर्वसम्मति से सराहना मिल रही है।

## टीवी मसाला



# दीपिका सर्जरी के बाद फिर बिजनेस में उतरीं

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ सर्जरी के बाद फिर से बिजनेस में उतर गई हैं। एक्ट्रेस के पति शोएब इब्राहिम ने लेटेस्ट व्लॉग में एक्ट्रेस की हेल्थ अपडेट भी शेयर की है। दीपिका की हाल ही में कैंसर की सर्जरी हुई है। हालांकि अभी एक्ट्रेस अस्पताल से घर पर भी आ गई हैं और उनकी हेल्थ में भी सुधार देखा जा रहा है। उनके पति और एक्टर शोएब इब्राहिम ने हाल ही में एक्ट्रेस की हेल्थ का अपडेट शेयर किया है। साथ ही ये भी बताया कि दीपिका ने फिर से अपनी क्लॉथिंग ब्रांड का करियर शुरू कर दिया है। शोएब ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक लेटेस्ट व्लॉग जारी किया है। इसमें वो अपने बेटे रूहान के साथ शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। साथ ही एक्टर ने अपनी पत्नी दीपिका की हेल्थ के बारे में भी बात की है। व्लॉग में उन्होंने बताया कि दीपिका की जो सर्जरी हुई थी अब उनके टांके हट गए हैं। साथ ही अगले वीक उनका नया इलाज भी शुरू हो जाएगा। दीपिका के पति शोएब ने व्लॉग में आगे बताया कि दीपिका जब सर्जरी के बाद वापस घर आई थीं तो उन्होंने अपने क्लॉथिंग ब्रांड का काम फिर से शुरू कर दिया। अब दीपिका अपनी ब्रांड डीकेआई पर एक बार फिर से काम कर रही हैं। बता दें इस व्लॉग में सर्जरी के बाद पहली बार दीपिका अपने बेटे रूहान और पति शोएब के साथ बाहर घूमने गईं और बाहर का खाना भी खाया।

## 'इत्ती सी खुशी' में मुख्य भूमिका में आएंगी नजर

**मुंबई।** नया पारिवारिक ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' में अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर मुख्य किरदार में नजर आएंगी। सुम्बुल अपने प्रभावशाली स्क्रीन प्रेज़ेंस और भावनात्मक गहराई के लिए जानी जाती हैं, और अब वह अन्विता



दिवेकर का किरदार निभाने जा रही हैं। मुंबई की चहल-पहल भरी पृष्ठभूमि में रची गई यह कहानी 21 वर्षीय अन्विता की है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने बिखरते परिवार की अनचाही लेकिन मज़बूत आधारशिला बन जाती है। एक ओर उसका पिता शराब की लत से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर मां उन्हें पहले ही छोड़ चुकी है। ऐसे में अन्विता अपने सपनों और पढ़ाई की कुर्बानी देकर अपने भाई-बहनों के लिए बेहतर भविष्य गढ़ने में लग जाती है। यह शो रोजमर्रा के संघर्ष, अनकहे बलिदानों और बिना शोर के जीतने वाले प्रेम और साहस की कहानी को बेहद सच्चाई और कोमलता से दर्शाता है। अन्विता के किरदार के बारे में बात करते हुए सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, मैं 'इत्ती सी खुशी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं और अन्विता की कहानी को जीवन देने का मौका पाकर खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं। अन्विता दिवेकर कोई सामान्य टेलीविजन किरदार नहीं है।

# स्पोर्ट्स ड्रामा '5th सितंबर' का ट्रेलर आउट, 18 जुलाई को होगी रिलीज



**मुंबई।** केएसएम फिल्म प्रोडक्शंस ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '5th सितंबर' का भावनात्मक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह एक दिल छू लेने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो न केवल खेल की भावना बल्कि जीवन बदलने वाले मेंटर्स की अहमियत को भी दर्शाती है। कुनाल शमशेर मल्ला की ओर से निर्देशित और निर्मित यह फिल्म 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक भावुक क्लासरूम सीन से होती है, जिसमें अधूरे सपनों, पछतावों और एक गुरु और शिष्य के बीच के अनकहे रिश्ते को खूबसूरती से दर्शाया गया है। जल्द ही कहानी एक ऐसे मोड़ पर पहुंचती है जहां एक सच्चा मार्गदर्शक, एक टूट चुके इंसान को फिर से जीने की राह दिखाता है। फिल्म के निर्देशक कुनाल शमशेर मल्ला कहते हैं, मैंने खेल को सिर्फ एक पृष्ठभूमि के रूप में चुना है। असल में यह फिल्म भावना, क्षति और एक मेंटर के माध्यम से दोबारा विश्वास पाने की कहानी है। '5th सितंबर' मेरी ओर से हर उस गुरु को समर्पित है जिसने कभी किसी छात्र को हिम्मत दी है।।फिल्म एक ऐसे पूर्व खिलाड़ी की कहानी है जो अपने अतीत से जूझ रहा है और एक नई पीढ़ी के साथ जीवन का उद्देश्य फिर से खोजता है। दमदार अभिनय, गहरे संवाद और सजीव दृश्यों के साथ यह फिल्म आत्मनिरीक्षण, प्रेरणा और उम्मीद का संदेश देती है।

# 'मेट्रो इन दिनों' की बॉक्स ऑफिस पर हालत पस्त
# 20 करोड़ कमाना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** अनुराग बासु की नई फिल्म, 'मेट्रो... इन दिनों' 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने अपना पहला वीकेंड पूरा कर लिया है। फिर भी फिल्म का कलेक्शन 20 करोड़ के पार नहीं जा पाया है। मेट्रो इन दिनों को दर्शकों और पहले दिन अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद उम्मीद लगाई गई थी कि फिल्म वर्ड ऑफ माउथ से फायदा मिलेगा। लेकिन अभी ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, फातिमा सना शेख, अली फजल, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीसरे दिन 5.46 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं, फिल्म ने दूसरे दिन 6 करोड़ रुपए और पहले



दिन 3.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इससे फिल्म का कुल कलेक्शन 14.96 करोड़ रुपये हो गया। यदि फिल्म का कलेक्शन इसी तरह जारी रहा, तो 'मेट्रो... इन दिनों' का लाइफ टाइम बिजनेस 50 करोड़ रुपये भी पहुंचना मुश्किल होगा। 'मेट्रो... इन दिनों' का लेखन और निर्देशन अनुराग बासु ने किया है। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है। यह फिल्म 2007 में आई 'लाइफ इन ए... मेट्रो' का सीक्वल है। फिल्म में चार अलग-अलग उम्र के जोड़ों की कहानियाँ हैं, जो मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे शहरों में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

## चलचित्र देखकर कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए थे

# 7 जुलाई को पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर दी थीं दिखाई

*मुंबई। मुंबई के वॉटसन होटल में 7 जुलाई 1896 को ही पहली बार चलती-फिरती तस्वीरें स्क्रीन पर सामने दिखाई दी थीं। उस समय किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि यही दिन भारतीय सिनेमा के सुनहरे सफर की शुरुआत बनेगा। पहली बार लुमियर ब्रदर्स की 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' जैसी फिल्म ने दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया। आज, 129 साल बाद, उसी दिन को याद करते हुए भारतीय सिनेमा की नींव और उसके शुरुआती दिनों की कहानी फिर से जिंदा हो उठी है।*

## लुमियर ब्रदर्स की फिल्म 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' से दर्शकों को सिनेमा के जादू से रूबरू कराया था

### कैसे और कहां शुरू हुई पहली फिल्म

7 जुलाई, 1896 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपे एक विज्ञापन ने मुंबईवासियों को 'दुनिया के सबसे बड़े चमत्कार' को देखने का न्यौता



दिया था। उस दौरान वॉटसन होटल में हुए इस इवेंट में एक रुपए का टिकट हुआ करता था। इसी पैसे के साथ दर्शकों ने सदी के सबसे अनोखे आविष्कार, चलती हुई स्क्रीन को पहली बार देखा। लुमियर ब्रदर्स की ओर से प्रदर्शित की गई यह 'द अराइवल ऑफ ए ट्रेन' नामक फिल्म में सिर्फ एक ट्रेन स्टेशन पर आती दिखाई गई थी। लेकिन दर्शकों को यह सीन इतना असली लगा कि कुछ डर के मारे कुर्सियों से उठकर भाग खड़े हुए, जबकि कुछ औरतें बेहोश तक हो गईं थीं।

### लुमियर ब्रदर्स ने कैसी फिल्मों को स्क्रीन पर दिखाना शुरू किया

फ्रांस के लुई और अगस्ते लुमियर ने साल 1895 में पेरिस में पहली बार सिनेमा दिखाया था। पेरिस और लंदन में सक्सेस के बाद वह भारत आए और बॉम्बे आकर, 14 जुलाई से नोवेल्टी थिएटर में इन फिल्मों का दोबारा प्रदर्शन हुआ और यह सिलसिला एक महीने तक चलता रहा। बता दें कि शुरुआती फिल्मों में कोई कहानी नहीं हुआ करती थी, बल्कि सिंपल इंसीडेंसेस हुआ करते थे, जैसे दीवार गिराना, ट्रेन का आना, या किसी फैक्ट्री से कामगारों का बाहर निकलना ही स्क्रीन पर दिखाया जाता था। उस दौर में ये छोटे-छोटे सीन्स ही दर्शकों को काफी उत्साहित करते थे।

### लुमियर ब्रदर्स से प्रेरित होकर भारत में मगांया गया कैमरा

लुमियर ब्रदर्स ने तो दर्शकों के बीच चलती स्क्रीन का प्रचलन ला ही दिया था। इनसे प्रेरित होकर महाराष्ट्र के हरीशचंद्र सखाराम भटवाडेकर जिनको सावे दादा भी बोला जाता था। इन्होंने भारत में पहला कैमरा मंगाया और कुश्ती के सीन को शूट कर भारत की पहली डॉक्यूमेंट्री बनाई। आगे चलकर उन्होंने न्यूजरील के साथ-साथ बाकी की सामाजिक घटनाओं को भी रिकॉर्ड किया।

### 'राजा हरिश्चंद्र' बनी पहली फीचर फिल्म

जेएफ मदन और अब्दुल अली यूसुफ अली जैसे बिजनेसमैन ने फिल्म को बिजनेस के तौर पर बनाने का काम शुरू कर दिया। छोटे शहरों और गांवों में टेंट सिनेमा का चलन शुरू हुआ, जिससे सिनेमा देश भर में काफी फेमस हो गया। हालांकि कुछ इतिहासकार साल 1912 में रिलीज आई 'पंडालक' को पहली फिल्म मानते हैं, मगर दादा साहेब फाल्के की 'राजा हरिश्चंद्र' जो 3 मई, 1913 को भारत में आई थी, इसे भारत की पहली मूक फीचर फिल्म का दर्जा दिया गया है।


पुराने बस स्टैंड की सड़क पर लोगों का चलना हुआ मुहाल।


तोरवा मुख्य मार्ग स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर का स्वीच बोर्ड पानी में डूबा।


पिछले कई दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण अरपा लबालब, बह रहे पेड़ और लकड़ियां।

**जिले में अलर्ट जारी :** रह रह कर हो रही बारिश से आम लोग त्रस्त, कम दबाव का क्षेत्र बना, कई जगहों पर भारी वर्षा की चेतावनी

# भारी बारिश, फिर शहर की सड़कों पर भरा पानी, बिजली ने भी सताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार की दोपहर तीन बजे के बाद शहरी इलाके में हुई भारी बारिश से पूरा शहर सराबोर हो गया। शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे सड़कों पर आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तालापारा सहित कुछ मोहल्लों में लोगों के घरों के अंदर भी पानी भर गया। इधर शहरी क्षेत्र में बिजली भी रह रहकर बंद होती रही, रात तक कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा।

दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय होने के कारण पिछले 6 दिनों से बारिश जारी है, इसका प्रभाव यह है कि नमी बनी हुई है, रूक रूक कर हो रही मध्यम से तेज बारिश ने नदी नालों में ऊफान ला दिया है। जिले में 11 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। सोमवार की सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच कुछ देर के लिए आसमान पर सूरज दिखाई दिया, जिससे तापमान में 2 डिग्री की बढ़त रही, और उमस बरकरार रही। बारिश की वहज से शहरीय क्षेत्र में लोग त्रस्त हो रहे।

मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है, यह चक्रवाती हवाएं झारखंड और उत्तरी छत्तीसगढ़ के बना हुआ है। वहीं द्रोणिका का प्रभाव श्रीगंगानगर, सिरसा, मेरठ, वाराणसी, डाल्टनगंज और पश्चिम बंगाल तक फैला चुका है। निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण प्रदेश में कई जगहों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच पिछले 6 दिनों से हो रही बारिश के कारण शहर की सड़कों का हाल बेहाल है, जहां एक ओर पानी की निकासी की समस्या से लोगों का सामना हो रहा है, वहीं सड़कें भी उखड़ चुकी है। जूना बिलासपुर, शिव टाकिज चौक, करबला रोड, दयालबंद, तोरवा, चांटीडीह जैसे जगहों पर सड़कें उखड़ चुकी है, इन सड़कों पर चलना भी दूभर हो चुका है।




**ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर गिरा पानी**

| | |
|---|---|
| बेलगहना | 16 सेमी |
| मस्तूरी | 14 सेमी |
| बिल्हा | 13 सेमी |
| रतनपुर | 10 सेमी |
| तखतपुर | 7 सेमी |
| पेंड्रा | 6 सेमी |

शिव टाकीज से टिकरापारा जाने वाली सड़क पर पानी भरने से लोग हो रहे परेशान। इनसेट में तालापारा में घर के अंदर घुसा पानी।

## नालियों में सफाई नहीं

नालियों की सफाई नहीं होने और संकीर्ण नालियों के चलते जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। शहर के मोहल्लों में 20 साल पुरानी नालियां है, कुछ नालियां पूरी तरह से टूट चुकी है, ऐसे में बारिश का पानी सीधे सड़कों पर आ रहा है। मसानगंज, सरजू बगीचा का हाल यही है, एयरटेल आफिस के पास बारिश होते ही 2 फीट पानी भर रहा है, वहीं अष्टमुखी मंदिर की मुख्य मसानगंज सड़क पर लाखों रूपए से बनाई गई नालियां किसी काम की नहीं आ रही है, अभी भी पानी सड़कों से होकर गुजर रहा है। इसी प्रकार भारतीय नगर में बनाए गए क्लवर्ट को डायवर्ट कर दिया गया है, तालापारा में जोड़ दिया गया है, जिससे कारण तालापारा के घरों में पानी भर रहा है।

## लबालब हो गई सड़कें

दोपहर को हुई तेज बारिश के बाद शहर की ज्यादातर सड़कें लबालब हो गई। इस दौरान टिकरापारा से शिवटाकिज चौक, पुराना बसस्टैंड, तोरवा, गणेश नगर, सरजू बगीचा, चांटीडीह, ओमनगर, तालापारा जैसे क्षेत्रों में पानी भर गया। इस दौरान तालापारा के कई घरों में पानी भरने के कारण सामान तैरने लगे।

## बारिश की वजह से सुधार में देरी, उपभोक्ता परेशान

बारिश के कारण बिजली सुधार में विलंब हो रहा है, इस दौरान फाल्ट खोजने और लाइनों में बदलाव करने दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, ऐसे में विभाग ने कर्मचारियों को सावधनी से काम करने की नसीहत दी है। इस दौरान शहर के कई इलाकों में सुधार कार्य प्रभावित रहे। बताया जा रहा है कि नेहरु नगर डिवीजन के स्मार्ट रोड, कलेक्टर कार्यालय, सिविल लाइन , से लेकर अग्रसेन चौक क्षेत्र में बिजली बंद हुई थी। महामाया विहार में रविवार की रात 11 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान उपभोक्ताओं ने नेहरू नगर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया और महामाया विहार के एल 3 से आर 4 तक मकान में बिजली बंद रही। रात 7 बजे बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। इसी प्रकार सिविल लाइन क्षेत्र में रात से बिजली की लुकाछिपी जारी रही, इस दौरान ब्रेकडाउन होने के कारण घंटो बिजली बंद रही। बारिश के कारण दोनों ही जगहों पर बिजली सुधार में विलंब हुआ। बिजली विभाग सुधार के लिए दिए गए समय पर भी सुधार कार्य नहीं होने से उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूटने लगा और अधिकारियों से शिकायत की गई तब जाकर विद्युत सप्लाई नार्मल हो सकी।

### केबल जलने व डियो गिरने की शिकायत

स्मार्ट रोड केबल जल गया था जिसके कारण वन विभाग सहित अन्य जगह पर बिजली बंद रही, वहीं दयालबंद, मधुबन में भी सुबह 7 से 10 बजे के आसपास बिजली बंद रही। चिंगराजपारा, हेमुनगर, सिलपहरी और तिफरा में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। बताया जा रहा है कि इंश्युलेटर जलने, केबल खराबी और डियो गिरने जैसी समस्या के कारण बिजली बंद हो रही है।

# लगातार बारिश से स्कूलों में पानी भरा कमरों में कीचड़, छुट्टी करनी पड़ी

**मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो पहुंचे उन्हें मध्यान्ह भोजन नहीं मिला**

दो दिन से सुबह और शाम हो रही बारिश के कारण सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चे हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र में ही 10 से अधिक स्कूलों में पानी भर गया और एक तरह से बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें मध्यान्ह भोजन भी नहीं मिला। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी ब्लाकों के बीईओ ने अपने क्षेत्र के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान नगोई प्राथमिक और मिडिल के साथ बेलसरी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में पानी भरा मिला। इन स्कूलों में कीचड़ और पानी के बीच बच्चों की क्लास लगी।

लगातर हुई बारिश से शहर के साथ-साथ सिरगिट्टी इलाके के पूर्व माध्यमिक स्कूल सिरगिट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में पानी भर गया। साथ ही दो निजी स्कूलों में पानी भरने से कम बच्चे पहुंचे। इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। यहां के निवासियों के मुताबिक इस तरह की समस्या कई सालों से है। एक दो दिन बारिश होती है और हफ्तों तक पानी इसी तरह स्कूलों में भरा रहता है। स्थानीय पार्षदों के मुताबिक पिछले साल इलाके के पानी निकासी के लिए बड़ा नाला बनाने की अधिकारियों से मांग की थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। तखतपुर ब्लाक के बीईओ रामेश्वर बैरागी ने बताया कि स्कूलों का दौरा कर व्यवस्था की जा रही है।


स्कूल परिसर में पानी खेलते बच्चे।

### यह है स्कूलों की हालत

- शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह मैं पानी भरने के चलते चारों तरफ कीचड़ रहा जिससे आसपास गंदगी फैली रही। बच्चों ने बताया कि बारिश में यहां हर साल परेशानियों का समाना करना पड़ता है।
- बारिश से तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। स्कूल का छत जर्जर होने के कारण बारिश का पानी क्लास में रूम में टपकने लगा। इससे पूरे क्लास में पानी भर गया। बच्चे अपना बैग उठाकर पानी से बचने का प्रयास करते रहे। सभी बच्चों को समय से पहले ही छुट्टी दे दी। बच्चे भीगते बारिश में अपने घर पहुंचे।
- सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। बारिश के कारण 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ गई। यहां दो पाली में कक्षाएं लगती हैं। सुबह की पाली में नौवीं कक्षा सुबह से दोपहर तक चलती है। दसवीं से 12वीं तक की कक्षा दोपहर से लगती है।

### योजना बनाई जाएगी

स्कूलों की मरम्मत और दूसरी व्यवस्थाओं के लिए राज्य शासन द्वारा राशि जारी की गई है। इसके साथ ही जिला खनिज न्यास से भी बजट मिला है। इससे स्कूलों में ड्रेनेज की समस्या दूर करने पर ध्यान दिया जाएगा। जलभराव जहां हो रहा होगा उससे भी निपटने की योजना बनाई जाएगी।

\- अनिल तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी

**खबर संक्षेप**

### गांव जा रहे युवक की रास्ते में मिली लाश

**बिलासपुर।** गांव जा रहे युवक की रास्ते में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सिर में गंभीर चोट होने से हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, छतौना निवासी सुरेन्द्र कैवर्त पिता रामकुमार कैवर्त परिवार के साथ कोनी आवास में रहता था और रोजी मजदूरी करता था। रविवार की रात 10 बजे वह घर में दूसरे गांव जाने की बात कहकर निकला था। सोमवार की सुबह छतौना के लोगों ने गांव के मोड़ पर उसकी लाश देखी। उसके सिर में गंभीर व हाथ में चोट के निशान थे, जिससे हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर चकरभाठा पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस प्रथम दृष्टिया हत्या मानकर जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लग गई है। बहरहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# ट्रेन में चना बेचने वाला अवैध वेंडर निकला बाइक चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- किन्नर के साथ करता था स्टेशन एरिया में चोरी
- जब्त की गई आठ लाख की बाइक

चलती ट्रेन में चना बेचने की आड़ में मौका पाकर स्टेशन से बाहर निकलने के बाद अवैध वेंडर यात्रियों की बाइक पार कर देता था, जिसमें उसने अपने साथ किन्नर भी रखा था। आरपीएफ ने अवैध वेंडर के खिलाफ रेलवे एक्ट का मामला दर्ज किया, जिसे पोस्ट लाने के बाद बाइक की चोरी का खुलासा आरोपी ने कर दिया। आरपीएफ ने बाइक चोर चना बेचने वाले अवैध वेंडर और किन्नर सहित 8 लाख की बाइक पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

ट्रेनों और स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों को खान-पान का सामान बेचने वाले स्टॉल और फूड संचालकों के यहां कार्यरत कर्मचारियों के पहचान पत्र, मेडिकल और अन्य दस्तावेज को रेलवे लेती है, ताकि किसी तरह की कोई भी घटना होने पर उन्हें पकड़ा जा सके। पेंट्रीकार के भी कर्मचारी सभी कोच में सामान की बिक्री करने के दौरान आईकार्ड पहनते हैं। वहीं लंबी दूरी और आसपास के छोटे स्टेशनों के बीच में चलने वाली ट्रेनों में अवैध रूप से सामानों की बिक्री करने वालों की संख्या भी बहुत हैं। इसमें कई वेंडर सामान बेचने की आड़ में यात्रियों का सामान पार कर देते हैं। इसी तरह की घटना बिलासपुर डिवीजन में भी हुई। आरपीएफ के प्रभारी पी तिवारी ने बताया कि जैजैपुर सक्ती निवासी राधेश्याम धीरहे पिता चंडी प्रसाद धीरहे 55 साल ने शिकायत की थी कि उसकी बाइक सीजी 11 एटी 3479 को किसी ने पार कर दिया है। शिकायत पर सीसी टीवी फुटेज को चेक किया गया, जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्ति गाड़ी की चोरी करते हुए दिखाई दिए। इसके उपरांत दोनों को रेलवे परिक्षेत्र से पकड़ा गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम रायगढ़ पूंजीपथरा निवासी रिया भट्ट किन्नर 28 साल और दूसरे कोरबा निवासी प्रमोद चौहान पिता हरिराम चौहान 19 साल बताया।

कड़ाई से पूछताछ करने के बाद दोनों ने रेलवे स्टेशन एरिया से दो पहिया वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। आरपीएफ ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पोस्ट पहुंचने के बाद आरपीएफ की टीम ने चांपा, कोरबा, सक्ती से 8 लाख रुपए की 10 बाइक को जब्त किया है।



चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार आरोपी।

### मास्टर चॉबी का उपयोग

आरपीएफ प्रभारी पी तिवारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में जानकारी मिली कि उसके पास एक मास्टर चॉबी थी, जिसका उपयोग वह बाइक चोरी के लिए करता था। ट्रेन में चना बेचने के बाद वह स्टेशन से बाहर निकलता और मौका पाकर बाइक को पार कर देता था। बाइक को उसने सक्ती, खरिसया, चांपा, कोरबा में 5 से 6 हजार रुपए में गिरवी रखता था। उसके पास से वर्तमान में 10 बाइक जब्त की गई है। वहीं 10 से अधिक बाइक उसने रायपुर में भी रखा है। आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई अब पुलिस कर रही है।

# सवारी में बाधा डालने वाले 3 युवक गिरफ्तार

- आरोपियों का बारिश में पैदल कान पकड़कर निकाला गया जुलूस
- सभी आरोपी कोर्ट में पेश किए गए


मोहर्रम की सवारी में बाधा डालने वाले आरोपियों को ले जाती पुलिस।

**बिलासपुर।** मोहर्रम की सवारी में बाधा डालने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवकों का शहर में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया गया।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 7 जुलाई को भारतीयनगर निवासी मोहम्मद मुस्तकीम पिता मोहम्मद मुख्तार 29 साल ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार उनके भाई हफीज अली ने तैबा चौक तालापारा से खपरगंज के लिए निकाली। सुबह 4 बजे खपरगंज ईमाम बाडा के पास सवारी के पीछे समाज के राजा अली, शरफराज, गिरीराज गोस्वामी, रिंटू उपस्थित थे। इसी समय खपरगंज का रहने वाला सुहैल खान, अपने साथी समीर खान, जुनैद खान, जुबेछ खान मिलकर खपरगंज चौक के पास सवारी को रोककर गाली गलौज करने लगे, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे मना करने पर जान से मारने की धमकी भी देने लगे। मो. मुस्तकीम की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 350 / 25 बीएनएस की धारा 353 ग, 296, 351, 2, 3, 5के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सुहैल उर्फ सोहेल खान उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम, मो. समीर रजा, जुनैद रजा को गिरफ्तार लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद बारिश में पैदल खपरगंज में कान पकड़कर जुलूस निकाला गया। उसके बाद मुख्यमार्ग से पैदल चलाते हुए कोर्ट में पेश किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# दिन दहाड़े जोनल रेलवे स्टेशन में युवती ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में दिन दहाड़े एक युवती ने खुदकुशी कर ली। दोपहर 12.30 बजे प्लेटफार्म नम्बर तीन की रेल लाइन पर युवती जाकर सो गई, जिसके ऊपर मालगाड़ी चढ़ने के कारण सिर धड़ से अलग हो गया। जीआरपी ने मर्ग कायम करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर यात्रियों के साथ स्टॉल के संचालक ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। दोपहर 12.30 बजे इसी लाइन पर एक मालगाड़ी यार्ड से एंट्री कर रही थी। हावड़ा की ओर बने सीढ़ी के पास अचानक मालगाड़ी रूक गई। चालक और परिचालक ने ट्रेन से उतरकर देखा तो एक युवती मालगाड़ी के सामने थी, जिसका सिर और धड़ मालगाड़ी की टक्कर से अलग हो गया था। आरपीएफ स्टाफ ने सूचना सहायक उपनिरीक्षक बीएस पटेल को दी। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर सहित आरपीएफ और जीआरपी के स्टाफ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मालगाड़ी प्लेटफार्म नम्बर तीन के लाइन नम्बर चार पर खड़ी हुई थी। मृतका का सिर और धड़ रेल लाइन के अगल-बगल क्षतविक्षप्त हालत में पड़ा हुआ था। जीआरपी ने स्टेशन के कर्मचारियों के सहयोग से मृतका का शव रेल लाइन से उठाकर प्लेटफार्म में रखा, जिसके बाद मालगाड़ी आगे रवाना किया गया। आरपीएफ ने सीसी टीवी फुटेज चेक किया, जिसमें युवक स्टेशन प्लेटफार्म पर घूमते फिरते हुए दिख रही थी। इसके बाद जिस स्थान पर युवती ने खुदकुशी की, वहां तक सीसी टीवी का कैमरा पहुंच नहीं सका। जीआरपी के अनुसार युवती की उम्र 25 साल है और वह दुबली पतली, व सलवार कुर्ती पहनी है। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। फिलहाल मर्ग कायम करने के बाद परिजन की खोजबीन की जा रही है। जोनल रेलवे स्टेशन के बाद एक घटना चकरभाठा स्टेशन में हुई, जहां ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल है, जिसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।


मृतका।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
12 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-



केरल दर्शन
मुन्नार , थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
19 जुलाई, 16 अगस्त, 13 सितंबर,
20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर , 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411